
मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक




महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ अंक :१६ मुंबई, शुक्रवार १५ जनवरी से ३१ जनवरी २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## प्रियंका के सक्रिय राजनीति में आने पर कांग्रेस ने किया स्वागत

### प्रियंका गांधी देगी मोदी-योगी को चुनौती!



**(सी.एस. तिवारी)**

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश में वेंटिलेटर पर पड़ी कांग्रेस को २०१९ लोकसभा चुनाव से पहले जिंदा करने के लिए पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपना सबसे बड़ा दांव चल दिया है. इसके लिए राहुल ने अपने सबसे दो खास लोगों प्रियंका गांधी और जियोतिरादित्य सिंधिया को मोर्चे पर उतार दिया है. राहुल ये जानते हैं कि देश जीतना है तो पहले यूपी जीतना होगा. प्रियंका गांधी के राजनीति में कदम रखने के साथ ही उन्हें पूर्वांचल की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो पश्चिम यूपी का प्रभार ज्योतिरादित्य सिंधिया के कंधों पर है. ऐसे में सवाल है कि दोनों नेताओं में से किसके सामने ज्यादा बड़ी चुनौती है.

बता दें कि उत्तर प्रदेश की कुल ८० लोकसभा सीटों में से अगर लखनऊ को सेंट्रल प्वाइंट मानते हैं तो पश्चिम यूपी में ४३ और पूर्वांचल में ३७ लोकसभा सीटें आती हैं. इस तरह से ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिम्मे प्रियंका गांधी से ज्यादा सीटें आई हैं. इसके अलावा २०१४ के लोकसभा चुनाव को देखें तो पश्चिम यूपी में एक भी सीट कांग्रेस को नहीं मिली थी. जबकि कांग्रेस के खाते में आने वाली दो सीटें अमेठी और रायबरेली भी पूर्वांचल के खाते में हैं. इतना ही नहीं इस बार के लोकसभा के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने भी इन दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार को नहीं उतारने का फैसला किया है. इस ऐलान ने प्रियंका की राह को और भी आसान कर दिया है. उत्तर प्रदेश की सियासी रणभूमि प्रियंका गांधी के लिए नई नहीं है.

## नशे के खिलाफ छापेमारी



**मुंबई :** मायानगरी मुंबई में बहुत साल बाद ऐसा हुआ है कि पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ एक दिन में पूरे शहर में छापेमारी की। ऐंटि नार्कोटिक्स सेल के साथ अलग-अलग जोन के पुलिस स्टेशनों ने भी कार्रवाई की। जोन ११ द्वारा की गई सख्त कार्रवाई में करीब आधे दर्जन नशेड़ियों को पकड़ा गया है। इनके पास से लाखों रुपये के मादक पदार्थ जब्त हुए हैं।

जोन ११ के डीसीपी संग्रामसिंह निशानदार के अनुसार,मालाड पुलिस ने ५५० ग्राम (कीमत ११०००) के ड्रग्स के साथ अभिषेक जमदाडे (२८) को गिरफ्तार किया है। मालवणी पुलिस ने ५ हजार रुपये के २५० ग्राम बोजा के साथ मनोज सीताराम गुप्ता (४०), २३० ग्राम गांजा के साथ ताजाउद्दीन अब्दुल रहमान शेख (३६), २७० ग्राम गांजा के साथ मेहबूब खाजा मिया शेख (३७) और ६४ सौ रुपये के ३४० ग्राम गांजा के साथ दस्तगीर खुर्शीद आलम (२७) जबकि ७६ सौ रुपये के ३८० ग्राम गांजा के साथ फिरोज बाबूमियाँ सरदार (२४) को गिरफ्तार किया है। वहीं, एमएचबी पुलिस ने भी १० हजार रुपये के १ किलो १०० ग्राम गांजा के साथ २० वर्षीय रोहित शिवप्रसाद शुक्ला और बांगुरनगर पुलिस ने ४४० ग्राम गांजा के साथ हीना रहमान शेख (३२) को गिरफ्तार किया है।

जोन-९ के भी अलग-अलग पुलिस स्टेशनों द्वारा भी दिन भर में गर्दुल्लों के खिलाफ छापेमारी चलती रही। जुहू, सांताक्रूज, डी.एन नगर, डी. एन नगर और ओशिवरा पुलिस द्वारा की गई. विलेपार्ले पुलिस ने ४० लाख रुपये के गुटखा के साथ जमील मालिक (३७) और कालिदास वासवा (३२) को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गुजरात के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुजरात के भरूच से एक बस मुंबई आ रही है,जिसमें प्रतिबंधित गुटखा है। पुलिस ने जाल बिछाकर संदिग्ध बस को विलेपार्ले के भाजीवाड़ी में जब्त कर तलाश की,तो बस में ४० लाख रुपये कीमत का गुटखा मिला। पुलिस ने गुटखा खरीद-बिक्री अधिनियम के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## सांसद गोपाल शेट्टी के ४.५ सालों के संघर्ष को मिली भारी सफलता

### कांदिवली में हजारों की तादात में विशाल विजय रैली और जनसभा संपन्न

**दीनानाथ तिवारी**

मुंबई: 'मैं हर लडाई जितता हूँ। जिस कार्य के लिए मुझे भगवान ने इस धरती पर जनम दिलवाया है वह कार्य मै निरंतर करता रहूँगा। कांदिवली, सेक्टर ८ उद्यान के विकास कार्य में कई प्रशासकिय रोडे थे। मैने भी दृढ निश्चय किया था के शनिवार तक मैं सभी मान्यताएं प्राप्त कर लूंगा और सोमवार से उद्यान विकास का कार्य शुरू करूँगा। हाल ही में कोकण विभागीय आयुक्त द्वारा मंजुरी प्राप्त हुई और मैने और एक जीत हांसील की। मुंबई उपनगर जिलाधिकारी, मँग्रोव्हज विभाग, म्हाडा प्राधिकरण आदी सभी संबंधित विभागों द्वारा मैने मंजुरी प्राप्त करायी। पिछले ४.५ सालों से उद्यान विकास कार्य के लिए मैने कई बार कठीन संघर्ष किया।' इस भारी उपलब्धि के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित विशाल विजयी रैली को संबोधित करते हुए उत्तर मुंबई बीजेपी के सांसद गोपाल शेट्टी ने कहा। सांसद गोपाल शेट्टी की जीत के खुशी में कांदिवली सेक्टर ६ अंबामाता मंदिर से सेक्टर ८ के उद्यान तक भव्य विजय रैली निकाली गयी थी। इस रैली में हजारों की तादात में बीजेपी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक सहभागी हुए थे। रैली उद्यान तक पहुँचते ही पटाखे जलाकर इस जीत का जश्न मनाया गया। इस रैली में भाजप मुंबई उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, उत्तर मुंबई जिलाध्यक्ष विनोद शेलार, उपाध्यक्ष युनूस खान, नगरसेवक कमलेश यादव, नगरसेवक बाळा तावडे, नगरसेविका प्रतिभा गिरकर, नगरसेविका बिना दोशी, नगरसेविका आसावरी पाटील, नगरसेवक जितू पटेल, नगरसेवक



जगदीश ओझा, नगरसेविका जया तिवाना, नगरसेविका प्रियंका मोरे आदी मान्यवर सहभागी हुए। विजय रैली का रूपांतर विशाल जनसभा में हुआ। इस सभा को संबोधित करते हुए सांसद शेट्टी ने कहा, 'इस उद्यान में जल्द से जल्द विभिन्न सुविधाएं मुहय्या कराने हेतू मै प्रयत्न करूंगा यह विश्वास दिलाता हूँ। मै यहा एक समाजमंदिर बनाना चाहता हूँ ताकी आम जनता इस समाजमंदिर का लाभ उठा सकें। यहा नन्हें बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड भी बनेगा जिसमें बच्चे खेलकूद एवं क्रीडा, एक्ससरसाइज कर पाए। इसी माह में उद्यान का संपूर्ण विकास कार्य संपन्न किया जाएगा। मेरी मंशा है की हमारे गणतंत्र दिवस २६ जनवरी को इस उद्यान को लोगों के लिए खुला कर दिया जाए। आज इस रैली में आप सभी भारी मात्रा में शामील हुए, मेरे सभी कार्यकर्ता, मेरे सह्योगी, मेरे चाहनेवाले सभी इस भारी जीत के हकदार है। आप सभी का में तहेदिल से आभारी हूँ।।' इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी यह है कि , कांदिवली, चारकोप सेक्टर ८, म्हाडा में आर.जी २ के स्थान पर उद्यान का आरक्षण था। २४ मई २०१३ को, म्हाडा को 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' और कलेक्टर की मंजूरी मिली। मुंबई स्लम इंप्रूवमेंट बोर्ड ने १८ फरवरी २०१४ में इस भूखंड को सुशोभित करने के लिए अपना आदेश दिया था। शिकायतकर्ता द्वारा १० मार्च २०१६ को सीआरजेड और मॅन्ग्रोव्हज डिवीजन के उल्लंघन में एक शिकायत की गई थी। चूंकि यह प्लॉट सीआरजेड २ में है इसलिये महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्राधिकरण से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्राप्ती के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। श्ज्रैंश् की बैठक में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। वनक्षेत्रपाल ने यह भी कहा कि आरजी २ भूखंड पर पॅगोडा का निर्माण मॅन्ग्रोव्हज से ५० मीटर की दूरी पर है। १९९२ की योजना के अनुसार, भूखंड को आर.जी के रूप में आरक्षित किया गया था। १९९२ की योजना के अनुसार, भूखंड को आर.जी के रूप में आरक्षित किया गया था। ३० अक्टूबर, २०१७ को कलेक्टर कार्यालय से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, यह स्थान मॅन्ग्रोव्हज से ५० मीटर की दूरी पर है। इस भूखंड पर विकास कार्य उच्च न्यायालय के आदेश और अनुमती ले कर ही आरंभित किया जाए यह निर्देश न्यायालय द्वारा दिए गये थे। भूखंड के क्षेत्र से मॅन्ग्रोव्हज क्षेत्र ५० मी से बहुत दूर है। इसलिए, उच्च न्यायालय ने माना कि जनहित याचिका क्रमांक ८७/२००६ जो ६ अक्तूबर २००५ में निर्णय का उल्लंघन नहीं हुआ। अक्टूबर २०१८ में, कोंकण भवन डिवीजनल कमिश्नर की एक समिति ने भूखंड के सौंदर्यीकरण पर रोक लगा दी। ११ अक्तूबर २०१८ मुंबई मॅन्ग्रोव्हज कन्सर्व्हेशन युनिट की बैठक में उद्यान में हो रहें विकास कार्य को मंजुरी दि गयी। उत्तरी मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी ने अक्टूबर २०१७ से लगातार पत्राचार कर कोंकण डिवीजनल कमिश्नर से बातचीत जारी रखी। गोपाल शेट्टी को ८ जनवरी, २०१९ को फिर से, कोंकण भवन विभागीय आयुक्त ने आगामी सप्ताह में निर्णय लेने का आश्वासन दिया था।

गोपाल शेट्टी ने चेतावनी कि, यदि आप निर्णय लेने में असमर्थ हैं, तो कोंकण डिवीजनल कमिश्नर सोमवार (२१ जनवरी, २०१९) से अपना काम शुरू कर देंगे ।आपको जो भी कार्रवाई करनी है वह करें मैं सजा के लिए तैय्यार हूँ। आखिरकार कोकण विभागीय आयुक्त ने हाल ही में मंजुरी दे दी।

## लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना सांसदों ने उद्धव ठाकरे पर बढ़ाया दबाव

**मुंबई,** शिवसेना बुधवार को देशभर में बाल ठाकरे की जंयती मना रही है। पार्टी अपने गढ़ महाराष्ट्र में कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस बीच शिवसेना सांसदों की ओर से पार्टी



अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के साथ गठबंधन के लिए दबाव बढ़ गया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना के १८ सांसदों में से एक बड़ा धड़ा और महाराष्ट्र सरकार में पार्टी के कम से कम चार मंत्री गठबंधन के लिए जोर दे रहे हैं। इस बीच एक निजी चैनल से बातचीत में राज्यसभा सांसद और पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के संपादक संजय राउत ने बीजेपी के साथ गठबंधन की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने संभावना जताई कि लोकसभा चुनाव में इस बार किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिलेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी परिस्थिति में नितिन गडकरी पीएम पद का चेहरा बन सकते हैं और शिवसेना उनका समर्थन करेगी।

**'गठबंधन में शिवसेना को बड़ा हिस्सा मिले'**

उन्होंने कहा, 'बीजेपी केवल अपने बारे में सोच रही है। इसलिए हम भी केवल अपने बारे में सोच रहे हैं।' सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी की तीखी आलोचना करने वाले उद्धव ठाकरे सांसदों और मंत्रियों की ओर से दबाव के बाद बीजेपी के साथ गठबंधन पर विचार कर रहे हैं। हालांकि वह इस गठबंधन में पार्टी के लिए बड़ा हिस्सा चाहते हैं। बता

### शिवसेना सांसद और मंत्री चाहते हैं कि बीजेपी के साथ मिलकर लड़ें चुनाव

दें कि पिछले दिनों शिवसेना के सांसदों ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी और अनुरोध किया था कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ गठबंधन किया जाए। शिवसेना के एक बड़े नेता ने बताया कि सांसदों के इस अनुरोध के बाद उद्धव ने उन्हें अपने संसदीय क्षेत्रों में बीजेपी के साथ मुकाबला नहीं करने पर फटकार लगाई थी। उधर, बीजेपी अपनी ओर से भी शिवसेना पर गठबंधन के लिए दबाव बना रही है। हाल ही में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की प्रशंसा की थी। यही नहीं मंगलवार को ठाकरे स्मारक के लिए १०० करोड़ रुपये भी जारी करने का फैसला लिया गया है।

## 'सफाई' से की रेलवे ने सफाई

**मुंबई :** मोदी सरकार जब से आई है, तब से सफाई का गुणगान करने में रेलवे लगी है। स्वच्छता से जुड़ा सर्वेक्षण करने के लिए बड़ी सफाई से एक निजी कंपनी को ठेका दे दिया गया और देशभर की २०९ ट्रेनों की सफाई का जायजा ले लिया गया। इस सर्वे में प्रीमियम ट्रेनों को भी टारगेट किया गया। रेलवे में रोजाना करोड़ों लोग सफर करते हैं लेकिन रेलवे ने महज १५ हजार यात्रियों पर सर्वे रिपोर्ट तैयार कर बड़ी ही सफाई से मोदी के सफाई अभियान की वाहवाही बटोर ली जबकि रोजाना रेलवे के ट्विटर हैंडल पर स्वच्छता से जुड़ी १५ हजार शिकायतें दर्ज होती हैं। १३,३०० पैसेंजर ट्रेन रोजाना चलती हैं। १५,३६० यात्रियों से सर्वे किया गया। प्रीमियम ट्रेन: सभी जोन में पश्चिम रेलवे छठे स्थान पर और मध्य रेलवे ११वें स्थान पर है।

**तो ये है रेलवे की रिपोर्ट**

देश के ७७ प्रीमियम ट्रेनों में पुणे-सिकंदराबाद और हावड़ा-रांची सहित तीन शताब्दी ट्रेनें सबसे ज्यादा स्वच्छ जबकि तीन दुरंतो ट्रेनें सबसे ज्यादा गंदी पाई गई हैं, वहीं २३ राजधानी ट्रेनों में मुंबई-नई दिल्ली राजधानी सबसे ज्यादा स्वच्छ दिखी जबकि नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ सबसे ज्यादा गंदी। रेलवे ने एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी है। इस रिपोर्ट के बाद यह भी माना गया है कि ट्रेनों में टॉयलेट्स साफ रखना मुश्किल काम है क्योंकि शौचालय दिनभर में औसतन ६० बार इस्तेमाल होता है।

**ट्विटर हैंडल है तो सर्वे की क्या जरूरत?**

रेल मंत्रालय के ट्विटर हैंडल @RailMinIåia पर रोजाना औसतन १५ हजार शिकायतें मिलती हैं। इनमें से २१०० पूरी जानकारी के साथ होती हैं, जिन पर कार्रवाई की जा सकती है। ट्विटर के अलावा भारत सरकार के शिकायती प्लेटफॉर्म पर रोजाना २०० शिकायतें मिलती हैं। रेलवे हेल्पलाइन १३८ पर रोजाना ६ हजार कॉल प्राप्त होते हैं और आईवीआरएस फीडबैक से रोजाना १.२ लाख यात्रियों से बात की जाती है।

अब मुद्दे की बात ये है कि इतना उन्नत सिस्टम है, तो थर्ड पार्टी सर्वे की क्या जरूरत है?

## साहेब का स्मारक, १०० करोड़ रुपए मंजूर

**मुंबई :** शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे के भव्य स्मारक के लिए राज्य सरकार ने १०० करोड़ रुपए की निधि मंजूर की है। कल मंत्रिमंडल की बैठक में महापौर निवास स्थान की जगह पर शिवसेनाप्रमुख का स्मारक बनाने के लिए यह निधि एमएमआरडीए के माध्यम से उपलब्ध कराने को मान्यता दी गई है। इस स्मारक का गणेश पूजन आज सुबह शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में होगा। मंत्रिमंडल की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में शिवसेना नेता व उद्योगमंत्री सुभाष देसाई ने जानकारी दी। सुभाष देसाई ने कहा कि राज्य सरकार ने शिवसेनाप्रमुख के स्मारक के लिए १०० करोड़ रुपए निधि की मंजूरी दी है। स्मारक समिति इस जगह को हस्तांतरण करने के संबंध में कागजात आज शिवसेनाप्रमुख के जन्मदिन पर मुंबई महापालिका की ओर से शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे को सुपुर्द किया जाएगा। इसी के अनुसार आज स्मारक का गणेश पूजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित रहेंगे।

स्मारक के लिए सभी अनुमति मिल गई है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्मारक के काम का भूमिपूजन किया जाएगा।

## संपादकीय

# कृषि को मिले राहत

वर्ष 1991 में आर्थिक सुधारों के बाद कृषि क्षेत्र के सामने चुनौतियां कई स्तरों पर बढ़ती गयीं. भले ही जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी सिमटती रही, लेकिन आज भी कृषि पर देश की आधी आबादी अपने रोटी-रोजगार के लिए निर्भर है. चुनावी साल में किसानों की



चिंता और किसान संगठनों का प्रदर्शन जिस तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे वक्त में सरकार से इसके लिए लोकलुभावन बजट की उम्मीद स्वाभाविक ही है. सरकार किसानों को उर्वरक, बीज, यूरिया आदि पर सब्सिडी के माध्यम से राहत देती है. अब सभी प्रकार की सब्सिडी को मिला कर कैश के रूप में राहत देने का प्रावधान किया जा रहा है. अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो सरकार को सालाना इसके लिए 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करने होंगे. हालांकि, चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा लक्ष्य के मुकाबले लगभग 115 प्रतिशत के स्तर को पार कर चुका है. ऐसे में अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा पूरा करने की चुनौती एक बड़ी चिंता होगी, लेकिन किसान मतदाताओं को नजरअंदाज करने का जोखिम सरकार कतई नहीं उठाना चाहेगी. ऐसे में उम्मीद है कि सरकार किसानों को राहत देने के लिए नये विकल्पों का इस्तेमाल कर सकती है. बीते बजट में सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य को उत्पादन लागत से 1.5 गुना करने का वादा की थी.

हालांकि, इस प्रकार की लाभकारी योजनाओं का फायदा किसानों को तभी हो सकता है, जब वह अपने उत्पादों को उचित/ सरकारी चैनलों तक पहुंचा पाये. अमूमन, छोटे और मझोले किसान गांव में ही अपने उत्पादों को गैरवाजिब दामों पर बेच देते हैं, जिससे वे ऐसी योजनाओं के फायदे से वंचित रह जाते हैं और इसका फायदा बिचौलिये उठा लेते हैं. देश में छोटे कृषकों की संख्या 80 फीसदी से अधिक है और यही वर्ग कीमतों की बढ़ोतरी, आय में कमी और कर्ज के बोझ में दबे रहने को मजबूर है. कृषि उत्पादन से जुड़ी समस्याओं, मौसम की मार और कर्ज में दबे निराश किसान अक्सर आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठा बैठते हैं. कृषि संकट से किसानों को उबारने के लिए तमाम राज्य सरकारें कर्ज माफी को अपना चुनावी मुद्दा बनाती हैं, लेकिन यह कोई ठोस समाधान नहीं है, यह नीति आयोग भी मानता है. अहम समस्या है कि कृषि संकट के जाल में फंसे ज्यादातर किसान संस्थागत ऋण तक नहीं पहुंच पाते. महाजनों के कर्ज के चंगुल में फंसने के बाद उनके लिए उबर पाना मुश्किल हो जाता है. बिचौलियों की धोखाधड़ी और महाजनों के कर्ज से किसानों को मुक्त कराने के लिए बड़े स्तर पर कृषि सुधार की पहल करनी होगी.

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन और रोजगारपरक नीतियां बनाकर स्थायी समाधान खोजने की कोशिश होनी चाहिए. साथ ही कॉरपोरेट को मिलनेवाली सब्सिडी और करों में राहत की तर्ज पर ग्रामीण उद्यमियों को भी प्रोत्साहित करने जैसे फैसले करने होंगे, तभी कृषि और किसानों का कल्याण हो सकेगा.

# कुम्भ मेले का इतिहास और अखाड़ा व पेशवाई का महत्व



- डॉ. अर्चना दूबे

**कुम्भ** मेले का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है । कुम्भ दो प्रकार का होता है – अर्ध कुम्भ और पूर्ण कुम्भ या महाकुम्भ । कुम्भ मेले का इतिहास लगभग 850 साल पुराना है और ऐसा माना जाता है कि आदि शंकराचार्य जी ने इसकी शुरुवात की थी, परंतु कुछ कथाओं के मतानुसार कुम्भ की शुरुआत समुद्र मंथन के आदिकाल से ही हो गयी थी । मंथन से प्राप्त अमृत उज्जैन, नासिक, हरिद्वार और इलाहाबाद के स्थान पर ही देवताओं और असुरों में खींचा तानी से छलककर अमृत का बूँद इसी चारों स्थानों पर गिरा था । इसी कारण इन स्थानों पर ही हर तीन साल बाद कुम्भ मेले का पर्व होता आ रहा है। गुरु एक राशि लगभग एक साल रहता है इसी तरह बारह राशियों में घुमते हुए उसे बारह साल का समय लगता है । कुम्भ के लिए निर्धारित चारों स्थानों में प्रयाग के कुम्भ का विशेष महत्व है। 12 साल के बाद गंगा,यमुना,सरस्वती के संगम पर आयोजित किया जाता है । हर 144 साल बाद यहां महाकुम्भ का आयोजन होता है और इसका निर्धारित स्थान प्रयाग को ही माना गया है। कुम्भ योग के विषय में विष्णु पुराण में बताया गया है कि जब गुरु कुम्भ राशि में होता है तो सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है तब हरिद्वार में कुम्भ लगता है । 1986, 1998,2010 के बाद अब 2021 में लगेगा । गुरु जब कुम्भ राशि में प्रवेश करता है तब उज्जैन कुम्भ लगता है । 1980,



1992, 2004, 2016 में लगा है। ऐसा माना जाता है कि ब्रह्मांड की रचना से पहले ब्रह्मा जी ने यहीं अश्वमेघ यज्ञ किया था । इस यज्ञ के कारण भी कुम्भ का विशेष महत्व है । कुम्भ और प्रयाग एक दुसरे के पर्यायवाची है। कुम्भ में अखाड़ें का विशेष महत्व होता है। अखाड़ें का आरम्भ मुगलकाल से हुई थी । यह ऐसा साधुओं का दल होता है जो शस्त्र विद्या में पारंगत रहता है । और एक खास बात यह है कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केवल 13 अखाड़ें ही आते है जिनमें 7 शैव, 3 वैष्णव व तीन उडासीन (सिक्ख) है, परंतु इस बार एक और अखाड़ा बढ़ गया है 14 अखाड़ें की संख्या एस बार कुम्भ मेले में शामिल है । इन सभी अखाड़ों की अपनी – अपनी विशेषता व महत्ता होती है । इनके कानून भी अलग होते है इनकी दिनचर्या और इनके इष्टदेव भी अलग – अलग होते है। पहली बार किन्नर अखाड़ा भी कुम्भ मेले में शामिल रहेगा। यह भी बता दे रहे है कि इसके पहले उपरोक्त 13 अखाड़ों को ही मान्यता प्राप्त था 14वें नये किन्नर अखाड़ें को भी मान्यता मिली है और इस बार उनकी भी पेशवाई निकाली जा रही है । इस अखाड़ें में करीब 2500 साधु के शामिल होने की उम्मीद है और इस अखाड़ें की महामंडलेश्वर श्री लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी है । पेशवाई एक शोभा यात्रा है जिसमें अखाड़ोंके आचार्य, पीठाधीश्वर,महामंडलेश्वर साधु – संत और नागा सन्यासियों का कारवां हाथी,घोड़ें, ऊंट पर सवार होकर बड़ें धूम – धाम से नाचते – गाते वैकल्पिक आवास रूपी अखाड़ों में जाते है। इसे ही पेशवाई कहते है। इस बार प्रयागराज कुम्भ में पहली बार किन्नर अखाड़ा सहित 14 अखाड़ों की पेशवाई होगी। हिंदू धर्म में कुम्भ की धार्मिक मान्यता है और इसे एक महत्व पूर्ण पर्व के रूप में मनाया जाता है। कुम्भ मेला हर 12 साल में आता है। दो बड़ें कुम्भ मेलों के बीच एक अर्ध कुम्भ भी लगता है। इस बार भी अर्ध कुम्भ मेला प्रयागराज में लगा है । भारतवर्ष का सबसे बड़ा मेला कुम्भ का मेला है जो कि विश्व के सबसे बड़ें धार्मिक आयोजनों में से एक है। जहां करोड़ों की संख्या में लोग बड़ें ही आस्था के साथ शामिल होते है और ऐसा मानते आये है कि यहां स्नान करने से सभी पुराने पाप धुल जाते है और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# प्यार, संबंध और धोखा, प्रेमिका को दे दिया ख़ौफनाक मौत

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** महाराष्ट्र के ठाणे ग्रमीण क्षेत्र के काशी मीरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में एक अज्ञात महिला की जली हुई लाश मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। ६ दिन के भीतर ही क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया।

काशी मीरा यूनिट क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरक्षक प्रमोद बड़ाख ने कहा कि दिनांक १६ जनवरी के दिन पुलिस को मिली जानकारी की मुंबई अहमदाबाद हाइवे के पास २५ फुट अंदर जंगल में एक जली हुई महिला की लाश पड़ी है। जिसके बाद मौके पर पहुची पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया और आगे की तफ्तीश में जुट गई थी। महिला की भी लाश की शिनाख्त हुई जिसके बाद पता चला कि मृतक महिला निर्मला सचिन यादव उर्फ निर्मला शंकर धोनेकर (४०) वर्षीय जो कि नालासोपारा पूर्व के श्री राम नगर की रहने वाली थी। काफी मशक्कत के बाद जाकर काशी मीरा क्राइम ब्रांच ने आरोपी को नालासोपारा पूर्व के बिलाल पाडा में से जाल बिछाया कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अबरार



मोहम्मद असलम शेख ने पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आबरार मोहम्मद असलम शेख ने पुलिस की पूछताछ में कहा कि आरोपी पहले से शादीशुदा जिंदगी बिता रहा था । जिसके बाद आरोपी ने निर्मला यादव (४०) नामक महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर दोनो एक दूसरे से प्यार के संबंधों में बंध गए थे। सालो तक दोनों में इतने संबंध बने की एक दिन मृतक महिला निर्मला यादव ने अपने प्रेमी आरोपी अबरार मोहम्मद असलम शेख की शादी का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद महिला आरोपी के गले की हडी बन चुकी थी। १५ जनवरी के दिन मूर्तक महिला निर्मला यादव नालासोपारा अपने घर से पुणे जाने के लिए निकली थी। रास्ते में आरोपी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका मूर्तक महिला निर्मल यादव को फोन किया और कहा कि शादी करने को तैयार हूँ मुझे मिलो। जिसके बाद आरोपी ने महिला को ठाणे ग्रामीण क्षेत्र के काशी मीरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र मुंबई अहमदाबाद हाईवे के घोडबंदर रोड फाउंटेन होटल के पास बुलाया और वहा से वर्सोवा नाके के पास एक घने जंगल में २५ फुट अंदर ले जाकर महिला के सिर पर पत्थर से सर कुचल दिया। आरोपी ने महिला के बैग से उसके कपड़े से उसकी लाश को आग लगा दिया। पुलिस ने प्रेमी आरोपी को हत्या करने के मामले में भारतीय दंड कानून सहित ३०२(हत्या) और २०१ ( सुबूत नस्ट करना ) के मामले में गिरफ्तार कर लिया। आगे की मामले की जांच काशी मीरा यूनिट क्राइम ब्रांच के अधिकारी कर रहे हैं फिलहाल आरोपी पुलिस की हिरासत में है आज कोर्ट में

# भोपाल में बुराड़ी जैसा कांड, घर में मिली परिवार के ४ लोगों की लाश

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**भोपाल:** भोपाल के मंडीदीप से



दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां की हिमांशु कॉलोनी में २४ घंटे से बंद मकान में २ बच्चे और २ महिलाओं की लाशें मिली हैं. परिवार के मुखिया सन्नू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस को घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. इसे लोग दिल्ली के बुराड़ी कांड से जोड़कर देख रहे हैं. हालांकि, अब तक जांच जारी है. पुलिस के मुताबिक, छत्तीसगढ़ निवासी २५ वर्षीय सन्नू भूरिया परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है. उसका घर पिछले दो दिन से बंद था. आसपास के लोगों को शक हुआ तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया. लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया. फिर पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा. उन्होंने देखा कि ४ लोगों की मौत हो गई है जबकि २५ वर्षीय सन्नू की सांसे चल रही हैं. उसे तत्काल मंडीदीप अस्पताल में भर्ती किया गया. यहां से उसे हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया.

**परिवार के साथ रहता था सन्नू...**

पुलिस के मुताबिक, सन्नू भूरिया परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है. वह एक निजी कंपनी में काम करता है. हालत नाजुक होने के कारण वह बात नहीं कर पा रहा है. पुलिस ने उसके घर से उसकी पत्नी पूर्णिमा, १२ दिन की बच्ची के अलावा दीपलता और आकाश की लाश बरामद की है.

शुरूआती जांच के आधार पर यह कहा जा रहा है कि चारों लोगों की मौत सिगड़ी के कारण हुई. ठंड की वजह से परिवार रात में सिगड़ी जलाकर सो गया था और दम घुटने से चारों लोगों की मौत हो गई. लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि यदि सभी घर वालों पर सिगड़ी का असर हुआ तो सन्नू को कोई फर्क क्यों नहीं पड़ा.

# नाबालिग लड़की को जंगल में ले जाकर चार लोगों ने दो घंटे तक किया बलात्कार

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** महाराष्ट्र के पालघर जिले की जवाहर पुलिस ने एक १७ वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ जबरन गैंगरेप करने के मामले में ४ युवक को किया गिरफ्तार। पीड़ित १७ वर्षीय नाबालिग छात्रा ने पुलिस को अपने बयान में कहा कि दिनांक १८ जनवरी के दिन वह अपने गाँव सारसुन से सारसुन नदी के तरफ पीने का पानी लेने जा रही थी। वापसी लौटते समय आरोपी सागर नामक युवक और उसके साथियों ने पीडित छात्र मुह दबा कर हाथ पैर बांधकर जबरन बारी बारी से बलात्कार (गैंगरेप) किया। जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने आपबीती अपने घरवालों को बताया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने पालघर जिले के जवाहर पुलिस स्टेशन में चारो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई थी। आरोपी पीड़ित लड़की के आसपास के ही रहने वाले



हैं। आरोपियों ने पीड़िता को जनता था। घटना के दिन पीड़िता जब पानी लेने जा रही थी तभी आरोपियों ने उसका पीछा करने लगे। एक सुनसान स्थान पर पीड़िता को झड़ी में ले गए। जहाँ उसके साथ २ घंटे तक चारो आरोपियों ने बलात्कार किया। पालघर जिले के पुलिस प्रवक्ता हेमंत कुमार काटकर और जवाहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक डी.पी बोहे ने कहा कि १७ वर्षीय नाबालिक छात्रा की शिकायत पर हमने आरोपी सागर दांगटे और उसके तीन साथियों एक १७ वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ जबरन बलात्कार ( गैंगरेप) करने के मामले में गिरफ्तार किया है। जिसके बाद जवाहर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी सागर दांगटे के साथ उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद सभी आरोपियों पर पुलिस ने भारतीय दंड कानून सहित आईपीसी की धारा ३७६(डी ) बलात्कार (गैंगरैप) ५०६(२) (जान से मारने की धमकी देना) और पनिशमेंट ऑफ सेक्सुअल चाइल्ड हर्रेसमेन्ट के तहत धारा ५ (ग) ६,९ और १० (ग) तहत मामला दर्ज कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया पेशी के बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को २३ तारीख तक पुलिस हिरासत में भेज दिया आगे की मामले की जांच जवाहर पुलिस स्टेशन के अधिकारी कर रहे हैं।

# उपनगर को मिला ५,५०० वर्ग मीटर का, 'ऑल इन वन' मैदान, आदित्य ठाकरे के हाथों उद्घाटन

**मुंबई :** दहिसर में जॉगिंग ट्रैक, ओपन जिम, फुटबॉल और क्रिकेट का ग्राउंड और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त खेलने का मैदान बनाया गया है, जिसका उद्घाटन सोमवार को शिवसेना नेता व युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे के हाथों हुआ। ५,५०० वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस मैदान में बच्चों के खेलने और वृद्धों के आराम फरमाने के लिए विशेष स्थान बनाया गया है। बता दें कि शिवसेना नगरसेविका शीतल म्हात्रे के प्रयासों से दहिसर निवासियों को खेल और मनोरंजन के लिए उचित स्थान मिल पाया है। इसकी प्रशंसा आदित्य ठाकरे ने की। यहां पर कबड्डी जैसे खेलों के लिए विशेष स्थान बनाया गया है। इस जगह पर लोगों के बैठने के लिए सुसज्जित व्यवस्था की गई है। कल खेल के मैदान के उद्घाटन के अवसर पर विधायक विलास पोतनीस, युवासेना के सिद्धेश कदम, नगरसेवक अमेय घोले, हर्षद कारकर, संध्या दोशी, बालकृष्ण ब्रिद, शशिकांत झोरे, रिद्धी खुरसुंगे, सहायक आयुक्त संध्या नांदेडकर मौजूद थे। शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुंबई में खुले स्थानों की कमी को देखते हुए शिवसेना की सक्रिय भूमिका से मैदान और पार्क बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य दल जहां जमीन हड़पने की कोशिश करते हैं, वहीं शिवसेना लोगों के लिए अच्छा काम करती है। दहिसर के इस भव्य मैदान में मिट्टी की उत्तम व्यवस्था है, जिससे बच्चे मैदानी खेलों का आनंद उठा सकते हैं।

# मायानगरी मुंबई बनी रेप नगरी!

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मायानगरी मुंबई अब रेप नगरी बनती जा रही है। एक ताजा आंकड़ों के मुताबिक मुंबई में बलात्कार की घटना में तेजी से इजाफा हो रहा है। वर्ष २०१७ की तुलना में वर्ष २०१८ में बलात्कार के मामले २० फीसदी बढ़े हैं। सबसे हो रही है। बता दें कि पूर्वी उपनगर के मानखुर्द इलाके में बीते दिनों महज आधे घंटे में एक महिला के साथ दो बार सामूहिक बलात्कार होने की घटना अभी ताजा ही है। इस घटना से शहर में महिला सुरक्षा की पुख्ता दावा करनेवाली मुंबई पुलिस की पोल खुल गई है। यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी वारदातें शहर में अब आम हो चली हैं। पुलिसिया आंकड़ों पर भरोसा करें तो वर्ष २०१७ में १,२१८ बलात्कार की घटनाएं घटीं थीं जबकि वर्ष २०१८ में १,४५९ बलात्कार मामले शहर और उपनगर के पुलिस स्टेशनों में दर्ज हैं। आंकड़ों का अगर आकलन करें तो वर्ष २०१७ के मुकाबले वर्ष २०१८ में बलात्कार के मामलों में २० प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष २०१८ में ८८९ मामले महिलाओं के साथ बलात्कार के दर्ज हुए हैं। जबकि ५७० बलात्कार मामले नाबालिगों के दर्ज हुए हैं। सिर्फ बलात्कार ही नहीं हत्या की घटनाएं भी यहां बढ़ रही हैं। वर्ष २०१७ के मुकाबले वर्ष २०१८ में हत्या के ३७ मामले अधिक दर्ज हुए हैं। वर्ष २०१७ में हत्या के १२७ मामले दर्ज हुए थे जबकि २०१८ में हत्या के १६४ मामले दर्ज हुए हैं। अपराधों को रोकने के लिए मुंबई पुलिस के आधुनिक सर्विलेंस के दावे की पोल इन्हीं आंकड़ों से खुल गई है।२० फीसदी बढ़े बलात्कार के मामले ३७ हत्या ज्यादा हुई पोक्सो के ५७० मामले दर्ज

# कर्नाटक के काली नदी में लोगों से भरी नाव पलटी

**कर्नाटक:** कर्नाटक के कारवार के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया है. यहां काली नदी के नाम से मशहूर नदी में सोमवार को २४ लोगों से भरी एक नाव अचानक से पानी में डूब गई. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दिया. जिसके बाद जिले के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचने के बाद इसकी सूचना भारतीय नौसेना (घ्र्ह्रिह ॅन्ब) को दी गई. खबरों की माने तो नौसेना को इसकी सूचना मिलने के बाद उसके द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बाद अब तक १६ शव बरामद किए गए है. वहीं बाकि लोगों को ढूंढेने का काम जारी है.


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो.
९८२१२८७९०५,
९३२२२४८३५३-
९१६७००९६२९
Email :

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक - दीनानाथ एम. तिवारी, कार्यकारी संपादक- कर्ण हिन्दुस्तानी, उपसंपादक- शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल संरक्षक- वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - चीफ एड डिपार्टमेन्ट- निलेश पांडे वितरक-सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
कानून सलाहकार- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# पत्रकार की हत्या के १६ साल बाद राम रहीम को उम्रकैद

**चंडीगढ़ ,** साध्वी यौन शोषण के मामले में सुनारिया जेल में सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। १६ साल पुराने मामले में कोर्ट ने गुरमीत राम रहीम को उम्रकैद की सजा का ऐलान किया है। इस मामले में राम रहीम के अलावा तीन अन्य दोषियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा सभी पर ५० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि कोर्ट ने हरियाणा सरकार द्वारा दी गई अर्जी के बाद सजा का ऐलान विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। सजा के ऐलान से पहले सीबीआई ने कोर्ट से गुरमीत राम रहीम को फांसी देने की मांग की थी। साध्वी यौन शोषण मामले में सुनवाई के बाद पंचकूला में हिंसा की बात को ध्यान में रखते हुए पंजाब और हरियाणा में सुरक्षा व्यवस्था का खास प्रबंध किया गया। सिक्यॉरिटी के मद्देनजर सुरक्षाबल चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटा जा सके।



**खबर प्रकाशित करने पर हुई थी हत्या**

गौरतलब है कि वर्ष २००२ में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, छत्रपति अपने समाचार पत्र में डेरा से जुड़ी खबरों को प्रकाशित करते थे। पत्रकार छत्रपति की हत्या के बाद परिजनों ने मामला दर्ज कराया था और बाद में इसे सीबीआई के सुपुर्द कर दिया गया। सीबीआई ने २००७ में चार्जशीट दाखिल कर दी थी और इसमें डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को हत्या की साजिश रचने का आरोपी माना था।

**इन धाराओं के तहत दोषियों पर ऐक्शन**

पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम और कृष्ण लाल को आईपीसी की धारा १२०बी (आपराधिक साजिश रचने) और ३०२ के तहत दोषी करार दिया, जबकि कुलदीप सिंह तथा निर्मल सिंह को आईपीसी की धारा ३०२ ( हत्या की सजा) और १२०बी (आपराधिक साजिश) का दोषी बताया। निर्मल सिंह को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २५ तथा कृष्ण लाल को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २९ के तहत भी दोषी करार दिया गया।

# जगह और समय पहले से था तय, एक ऐसी अनहोनी जिसका किसी को न था अंदेशा

**वसई :** १४ साल का वो लड़का किस बात से परेशान था इसे लेकर परिवार भी परेशान है। वो गुमशुम सा रहता था। उसने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला ले लिया था। अपनी जिंदगी की कहानी और आने वाले हादसे के बारे में उसने आगाह भी किया था। लेकिन अफसोस कि वो लड़का बच न सका। मुंबई के नालासोपारा में उसने खुद को फांसी लगा ली । आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले इस छात्र ने अपने ही सोसायटी के गार्डन में पुल-अप के लोहे के रॉड में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। १४ साल के इस छात्र खुदकुशी क्यों की इस बारे में अब तक पता नही चल पाया है। छात्र ने नोटबुक में आत्महत्या के तरीकों के बारे में लिखा था। छात्र ने नोटबुक में अपने आत्महत्या की जगह और वक्त लिखा है। इसके सिवाय आत्महत्या कैसी करनी है इसके लिए पेन्सिल से



स्केच भी बनाए थे। छात्र नालासोपारा में अपने परिवार के साथ रहता था। पर मंगलवार रात को सोसायटी के गार्डन एरिया में जहां पर पुल-अप करने का लोहे के रॉड है उसे नायलॉन की रस्सी लगाकर इस छात्र ने आत्महत्या की। इस छात्र के स्कूल बैग में एक नोटबुक मिली है। इस नोटबुक में जो कुछ लिखा हुआ है वह पढ़कर सभी को झटका लगा। लड़के ने नोटबुक में एक फन्दा और लटकने वाली रस्सी पेन्सिल स्केच निकाला था। इसके साथ ही उसने नोटबुक के दूसरे पेज पर उसने आत्महत्या कहा पर करनी है उस जगह के बारे में भी लिखा था। इसके साथ ही आत्महत्या का वक्त ९:३० बजे है, ऐसे भी उसने नोटबुक में लिखा हुआ था। इसका मतलब पूरी योजना बनाकर इस छात्र ने अपना जीवन खत्म किया। पर छात्र की अकाल मौत से परिवार सदमे में है आखिर छात्र ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया?, यह अभी अनसुलझा सवाल है। फिलहाल इस मामले में पुलिस सारे पहलुओं से जांच कर रही है। यह आत्महत्या है या हत्या है इस बारे में भी पुलिस जांच कर रही। पर अब तक पुलिस को इस बारे में कुछ खास बात का पता नही चला है।

# सेल्फी लेने के बहाने विदेशी महिला के साथ हुई ये हरकत

**मुंबई:** मुंबई के एक पांच सितारा होटल के एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से कनाडा की एक ३५ वर्षीय महिला से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि जूहु स्थित होटल के एक कर्मचारी सुमित राव (३२) को पांच जनवरी को हुई कथित छेड़छाड़ की घटना के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।अधिकारी ने कहा कि महिला इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में काम करती है जो अकसर भारत आती रहती है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि वह होटल में ठहरी हुई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उसके कमरे में घुसा और सेल्फी लेने के बहाने छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस के मुताबिक महिला ने होटल प्रबंधन को घटना से अवगत कराया और सोमवार को सांताक्रूज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने कहा




कि आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ भारतीय दंड सहिंता की धारा ३५४ और ३५४ (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।आपको बता दें कि इसी तरह का एक मामला हाल ही में दिल्ली में भी आया था जहा नौकरी दिलाने के बहाने एक शख्स उसे पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार में ले गया, जहां उसने अपने किसी दोस्त की फैक्ट्री में उसे नौकरी दिलाने की बात कही थी, लेकिन वहां उसके साथ दोनों ने रेप किया।

# बिहार के भभुआ में युवती की मौत से भड़के लोग,थाने में की तोड़फोड़

**भभुआ:** बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवती की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। इस दौरान उन्होंने थाने में लगे चार वाहनों को फूंक दिया तथा थाने में तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आक्रोशित लोगों को शांत करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को बड़ौदा की एक युवती का शव मोहनियां रेल पटरी से पुलिस ने बरामद किया था। लोगों का कहना है कि युवती की हत्या कर शव को रेल की पटरी पर फेंक दिया गया है। ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, पुलिस का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।इसी बीच इस घटना को लेकर लोग शुक्रवार को आक्रोशित हो गए और रामगढ़ थाने का घेराव कर हंगामा करने लगे। लोग इस दौरान थाने में पथराव किया और थाने में लगे चार से पांच वाहनों को फूंक दिया। थाने में भी आग लगाने की कोशिश की गई। इसके बाद पुलिस ने भी बल प्रयोग किया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने लोगों को हटाने के लिए हवा में गोलियां चलाईं। हालांकि पुलिस अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं।आक्रोशित लोग सड़क को जाम कर धरना पर बैठ गए हैं। मोहनिया के पुलिस उपाधीक्षक रघुनाथ सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान कई थानों की पुलिस रामगढ़ थाना में बुला ली गई है। सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अभी तनाव का माहौल है परंतु स्थिति नियंत्रण में है।

# कलयुगी मां की करतूत, जिंदा दफना दी १५ दिन की बच्ची, रोने पर युवक ने निकाला

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के जलालाबाद के पुरैना गांव में शुक्रवार को एक महिला ने अपनी बच्ची को जिंदा ही गड्ढे में दफना दिया। रोने की आवाज सुनकर एक युवक ने बच्ची को गड्ढे से निकलवाया। उसे नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची को देख एक महिला की ममता जाग गई। उसने बच्ची को गोद लेने की बात कही। फिलहाल बच्ची की हालत ठीक बताई जा रही है। मामला जलालाबाद के पुरैना गांव का है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर एक नकाबपोश महिला एक बच्चे के साथ खेत पर पहुंची। महिला थोड़ी देर खड़ी रही, महिला ने इधर-उधर देखा और गोद में थमी करीब १५ दिन की बच्ची को गड्ढा खोदकर दफना दिया। इसी बीच बच्ची रो पड़ी। महिला के जाते ही एक युवक ने देखा लिया था। युवक गड्ढे के पास पहुंचा और दबी बच्ची को बाहर निकाला। इस जानकारी के बाद गांव में हल्ला मच गया। भीड़ लग गई। युवक तुरंत बच्ची को नगरिया अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने बच्ची का उपचार किया। महिला पुलिस ने बच्ची को अपनी देखरेख में ले लिया।



# आध्यात्मिक गुरू भय्यू महाराज को ब्लैकमेल करने वाली युवती गिरफ्तार

**हाईप्रोफाइल** आध्यात्मिक गुरु भय्यू महाराज की मौत के सात माह पुराने मामले में शुक्रवार को अहम मोड़ आ गया। उन्हें खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने २५ वर्षीय युवती और भय्यू महाराज के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया कि मामले में पलक, विनायक दुधाड़े और शरद देशमुख को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पलक पर आरोप है कि वह कुछ निजी वस्तुओं के आधार पर भय्यू महाराज को ब्लैकमेल कर उन पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, जबकि आध्यात्मिक गुरु के दो सहयोगी दुधाड़े और देशमुख इस काम में युवती की कथित तौर पर मदद कर रहे थे।डीआईजी के मुताबिक, भय्यू महाराज की पत्नी आयुषी और उनके अन्य नजदीकी संबंधियों ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को हाल ही में बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भय्यू महाराज के पूर्व ड्राइवर कैलाश पाटिल ने भी पुलिस को कुछ दिन पहले दिए बयान में कहा था कि पलक यह कहकर आध्यात्मिक गुरु को ब्लैकमेल कर रही थी कि उसके पास उनसे जुड़ी कुछ निजी वस्तुएं हैं। भय्यू महाराज का सबसे खास सेवादार दुधाड़े उनकी आत्महत्या के तुरंत बाद चर्चा में आया था।



# स्कूल की दीवार गिरने से मलबे में फंसे ५ छात्र, १ की मौके पर मौत, ४ घायल

**अमरावती:** महाराष्ट्र के अमरावती (Amravati) से एक दर्दनाक हादसे की खबर है. जानकारी के अनुसार, यहां एक स्कूल की दीवार गिर (School Wall Collapse) जाने से मलबे में ५ छात्र फंस गए, जिनमें से एक छात्र की मौके पर ही मौत (1 student died) हो गई, जबकी चार छात्र (4 Students Injured) जख्मी हो गए. शुक्रवार हो हुए इस हादसे में मरने वाले छात्र की उम्र १३ साल बताई जा रही है. इस हादसे के बाद यहां राहत-राहत बचाव का कार्य किया जा रहा है और घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है. इस मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस का कहना है कि यह स्कूल अमरावती जिले के भाटकुल तहसील स्थित अष्टी गांव में है. पुलिस के अनुसार, हादसे में मरने वाले छात्र की पहचान मणिबाई छगनलाल देसाई विद्यालय के आठवी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के रुप में हुई है और उसका नाम वैभव गवांडे बताया जा रहा है.बताया जा रहा है कि जिस स्कूल की दीवार गिरी है उसकी इमारत काफी जर्जर हालत में है. शुक्रवार को दिन में करीब १ बजे इस स्कूल की दीवार ढह गई, जिससे पांच छात्र मलबे में दब गए. फिलहाल घायल छात्रों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है



# नवविवाहित शख्स ने पत्नी का सिर कुचलकर की हत्या

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक नवविवाहित शख्स ने अपनी पत्नी का सिर कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पिछले साल सितंबर में ही दोनों की शादी हुई थी। आरोपी शख्स ने पत्नी की हत्या इसलिए कर दी क्योंकि शादी समारोह के दौरान उसके परिवार और मेहमानों को उचित सम्मान नहीं मिला था। इतना ही नहीं आरोपी ने अपना जुर्म छुपाने के लिए शव को जलाने की भी कोशिश की। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान २५ वर्षीय रोहित कुमार और मृतका की पहचान २२ वर्षीय आरती के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली है।



आरती बरेली जिले की रहने वाली थी जबकि रोहित कासगंज जिले का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रोहित को गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया गया है। रोहित ने भागने की कोशिश की लेकिन वह घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है। उसे इलाज के बाद जेल भेजा जाएगा।

पुलिस ने आगे बताय कि कुमार ने स्वीकार किया है कि आरती के परिवार द्वारा १५ सितंबर को हुई शादी के दिन उनके परिवार के सदस्यों का ठीक से स्वागत नहीं किए जाने दहेज की मांग भी पूरी नहीं होने से दुखी था। इसीलिए उसने आरती से संपर्क किया और उसे सैटेलाइट बस स्टैंड के पास मिलने को लिए बुलाया।

पुलिस ने बताया कि आरती के आने के बाद आरोपी ने उसका सेलफोन बंद कर दिया। इसके बाद वह आरती को बदायूं के कोटालंगला गांव की एक सुनसान जगह पर ले गया। यहीं पर उसने पत्नी का सिर कुचल दिया और फिर उसके शरीर को जलाकर उसे खेत में गाड़ दिया।

# UP में ऑनलाइन धोखाधड़ी से आहत युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

**गाजीपुर:** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव में ऑनलाइन धोखाधड़ी से आहत युवक ने शनिवार तड़के खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह कर लिया. गंभीर अवस्था में जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के मुताबिक, बिरनो थाना क्षेत्र के जयरामपुर गांव निवासी रवि गुप्ता (२५) ने बैंक से २.५ लाख रुपये का लोन लेकर ऑनलाइन एक पुरानी चारपहिया गाड़ी बुक की थी. लेकिन वह साइबर क्राइम व आनलाइन धोखाधड़ी करने वालों का शिकार हो गया और उसे गाड़ी नहीं मिली. इसको लेकर रवि कई दिनों से तनाव व अवसाद में था.

बताते हैं कि शनिवार तड़के अवसाद में रवि ने खुद का कैरोसीन



डाल कर आग लगा ली. उसे गंभीर झुलसी अवस्था में परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

# सरकारी आवासीय स्कूल के होस्टल में 3 नाबालिग लड़कियां हुईं गर्भवती, एक ने दिया बच्चे को जन्म

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर सरकारी आवासीय विद्यालयों में रहने वाली दो छात्राओं सहित कुल ३ नाबालिग लड़कियों के गर्भवती होने और एक अन्य नाबालिग लड़की के एक बच्चे को जन्म देने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। ढेंकनाल, कालाहांडी और जाजपुर जिलों में ये घटनाएं सामने आई हैं। इससे एक सप्ताह पहले ही ओडिशा के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय (एससी/एसटी) विकास विभाग द्वारा संचालित एक आवासीय स्कूल की १४ वर्षीय छात्रा के कंधमाल जिले में स्थित हॉस्टल में एक बच्चे को जन्म देने की घटना सामने आई थी। नाबालिग ने १२ जनवरी को बच्चे को जन्म दिया था।

ढेंकनाल के सप्तसजया में आवासीय स्कूल के हेडमास्टर जनार्दन समाल ने शुक्रवार को सदर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ८वीं कक्षा की छात्रा गर्भवती पाई गई है। ढेंकनाल के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी एस के करीम



ने बताया कि हेडमास्टर की शिकायत के आधार पर १४ साल की छात्रा के बयान दर्ज किए गए और जाजपुर जिले के कालियापानी के १५ साल के एक किशोर को पकड़ा गया है।

घटना की जानकारी फैलने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में कालाहांडी जिले में नरला क्षेत्र में नवोदय आवासीय स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा के कथित तौर पर गर्भवती होने और उस पर गर्भपात की दवा लेने का संदेह है। कालाहांडी में ही एक अन्य घटना में २४ साल के एक युवक को १३ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में लड़की गर्भवती हो गई थी। जाजपुर जिले में १५ साल की एक लड़की ने गुरुवार को कलिंग नगर क्षेत्र में एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने बताया कि लड़की और बच्चे दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# १९ साल की लड़की से १४ लोगों ने किया दुष्कर्म, मचा हड़कंप

**जम्मू-कश्मीर:** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अक्सर सरकार कई



ठोस कदम उठा चुकी है. लेकिन उसके बाद भी अपराधियों की हौसलें बुलंद हैं. एक ऐसा ही मानवता को शर्मसार करने का एक और मामला फिर से सामने आया है. जिसनें लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है. १४ हवसी के दरिंदो ने एक १९ वर्षीय अपने हवस का शिकार बनाया. वहीं इस घटना के बाद लोगों में काफी गुस्सा है और आरोपियों कठोर सजा देने की मांग कर रहे हैं. बता दें कि यह पूरा मामला जम्मू-कश्मीर में कठुआ के हीरानगर का है. जहां पर गुज्जर समुदाय की एक १९ साल की युवती १४ लोगों पर अपहरण कर रेप करने का गंभीर आरोप लगाया है. पीड़ित लड़की ने जिन १४ लोगों पर यह आरोप लगाया है वे सभी उसी के समुदाय थे. इन सभी के खिलाफ लड़की ने पुलिस स्टेशन में जाकर मामला भी दर्ज कराया है. मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा ३७६ डी, ३६६, ४५२, ३५७ंझ्ण के तहत यह मामला दर्ज किया है. वहीं घटना के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है. गौरतलब हो कि कठुआ जिले में साल भर पहले आठ साल की जिस लड़की का आज के दिन शव मिला था. जिसके बाद पूरे देश में जमकर हंगामा हुआ था.

# नकली प्रमाणपत्र के माध्यम से दूसरे राज्य से डी फार्मासि की प्राप्त करके मेडिकल स्टोर चलाने वाले को महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट 1 ने किया गिरफ्तार

**ठाणे:** महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ के सहाय्यक पुलिस निरक्षक संदीप बागुल को सूचना मिली कि ठाणे शहर व आजु बाजू के परिसर में कुछ मेडिकल स्टोर में काम करने वाले फार्मासिस्ट आधा अधूरा पढ़ाई व ज्ञान वाले लोगो को दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था द्वारा १० व १२ माध्यम के नकली प्रमाणपत्र से डी फार्मासि का प्रमाणपत्र दिल्ली,उत्तरप्रदेश, राजेस्थान की कुछ से शिक्षण संस्था से २ से ३ लाख रुपये में प्राप्त कर के मेडिकल स्टोर खोल के दवाई की बिक्री कर नागरिकों के जान से खिलवाड़ कर रहे है।

मिली सूचना को गम्भीरता से लेते हुए आला अधिकारियों के मागदर्शन में महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे की टीम ने कई मेडिकल स्टोर्स पर छापे मारी कर नकली प्रमाणपत्र द्वारा मेडिकल स्टोर्स चलाने वाले ४ अभियुक्त को गिरफ्तार किया जांच में पता चला कि इनको ये प्रमाणपत्र ठाणे स्तिथ ढोकली परिसर में दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था द्वारा प्राप्त हुए है अपराध शाखा ने दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था के चेरमेन डॉ. पुरषोत्तम तहिलरामनी को भी गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है। ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ ने अभीतक कुल ५ अभियुक्त को गिरफ़्तार किया है । अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त दीपक देवराज ने पत्रकार वार्तालाप में बताया कि और भी कई गिरफ्तारीया हो सकती है ठाणे अपराध शाखा के कई अधिकारी और उनकी टीम छापे मारी कर रही है।

# पालघर से ५ और मथुरा से ९ बांग्लादेश नागरिक पकड़े गए

**मुंबई:** महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते (ऊए) ने ५ बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में पालघर जिले से शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे लोग बिना वैध दस्तावेजों के देश में प्रवेश कर गए थे और पिछले दो साल से नलसोपरा में तुलीज थाना क्षेत्र इलाके में रह रहे थे। उनकी पहचान शमसुर शेख, मोसिया मुल्लाह, कोटिल खलीफा, जहांगीर आलम और मोफिश शेख के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि सभी पांचों लोगों के खिलाफ पासपोर्ट कानून और विदेशी नागरिक कानून के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में शनिवार सुबह पुलिस ने एक कस्बे में छापा मारकर एक स्थानीय नागरिक के अहाते में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के पांच पुरुषों एवं चार महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया, 'खुफिया पुलिस के मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर शेरगढ़ थाने की टीम ने गनी के अहाते पर छापा मारकर वहां झोपड़ियां बनाकर रह रहे अलाउद्दीन (४०), निसार मिस्त्री (६०), अशराफुल (३०), मोहम्मद शाहिद (३०), मोहम्मद बिलाल (२९), परवीन (४०), अमीना (२८), अनुआरा (४५) व मरजीना (३०) से छह मोबाइल व चार आधार कार्ड आदि बरामद किए।' उन्होंने बताया कि उक्त सभी लोग बिना किसी वैध प्रपत्र के भारत में रह रहे थे।

# चुनावी साल में ३० हजार करोड़ से अधिक का बजट पेश करने की तैयारी में बीएमसी

**मंजु तिवारी**

**मुंबई,** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का बजट इस साल ३०,००० करोड़ को पार कर सकता है। फरवरी के पहले सप्ताह में लाए जाने वाले बजट की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बजट प्रक्रिया से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। पिछले साल बीएमसी ने २७,२५८ करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। अधिकारी ने बताया कि इस बार बजट में ३० प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। इससे आंकड़ा ३३,४०० करोड़ के पार जा सकता है। बजट की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन संभवत: ४ फरवरी को इसे स्थाई समिति में पेश किया जाएगा। इस बार नए प्रॉजेक्ट लाए जाने की बजाय पुराने प्रॉजेक्ट को ही पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। कोस्टल रोड के लिए ही करीब १,००० करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान करना होगा। इसके अलावा, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कई प्रॉजेक्ट नए आर्थिक वर्ष में शुरू हो सकते हैं। इनके लिए भी पैसे अलग करने होंगे। देवनार पशु वधगृह का प्रॉजेक्ट भी इस साल शुरू होगा। इसके अलावा लोकसभा चुनाव से पहले आने वाले बीएमसी के स्वास्थ्य बजट में जोरदार इजाफा देखने को मिल सकता है। पिछले साल के ३,६३६ करोड़ रुपये की तुलना में इस बार आंकड़ा ४,८०० करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि सायन समेत कई अस्पतालों में चल रहे प्रॉजेक्ट के लिए बजट आवंटन के चलते ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। खर्च करने में विफल रही है बता दें कि दो साल पहले बीएमसी ने अचानक ही बजट के आकार को छोटा कर दिया था। जिसके बाद इसे वास्तविक धरातल से जोड़ा माना गया। हालांकि, इस बजट को भी खर्च करने में बीएमसी सफल नहीं हो पाई। वर्तमान बजट का भी करीब आधा हिस्सा खर्च नहीं हो पाया है। चुनावी साल का भी होगा असर अगले वित्तीय वर्ष में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के चलते काफी समय आचार संहिता में ही चला जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि अप्रैल और सितंबर में होने वाले चुनाव की आचार संहिता में करीब चार महीने बीत जाएंगे। इस वजह से बजट खर्च कर पाना भी बड़ी चुनौती ही साबित होगा।




# संक्षिप्त न्यूज

## लोहे का गेट गिरने से मजदूर की मौत

**वसई :** नायगांव के मालजीपाडा इलाके में एक इमारत का लोहे का गेट काम करते समय १८ वर्षीय मजदूर के ऊपर गिर गया। इस घटना में मजदूर गंभीर जख्मी हो गया। उसे मुंबई के केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम वालीव पुलिस ने एडीआर का मामला दर्ज कर लिया है।

## ठाणे में पत्नी की हत्या कर पति ने की खुदकुशी

**ठाणे :** एक व्यक्ति ने चरित्र संदेह के चलते पहले पत्नी की हत्या की और फिर खुद फांसी लगा ली। ठाणे शहर के श्रीनगर परिसर में यह घटना हुई। श्रीनगर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृत दंपति की ५ वर्षीय बेटी घटना के समय घर में ही थी। पुलिस के अनुसार, ऑटो रिक्शा चालक सुनील सांगले (३९) पत्नी अर्चना (३५ ) और बेटी के साथ रहता था। अर्चना करीब के ही एक आईटी पार्क में बतौर सिक्योरिटी गार्ड नौकरी करती थी। सुनील को पत्नी के चरित्र को लेकर संदेह था, जिसके चलते दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। पुलिस ने बताया कि झगड़े के बीच सुनील ने पत्नी का गला घोंट दिया और खुद फांसी लगा ली।

## मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

**पालघर :** जिले के सातपाटी पुलिस स्टेशन के दांडापाडा स्थित समुद्र किनारे मछली पकड़ने गए ३१ वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सातपाटी स्थित दांडापाडा निवासी जितेंद्र कालिदास अंबात (३१) गुरुवार की सुबह ३ बजे समुद्र किनारे मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ते समय वह समुद्र की तेज लहरों में बह गया, दोपहर ३ बजे तक जब वह घर नहीं आया, तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। शाम ४ बजे उसका शव दांडापाडा से कुछ दूर समुद्र किनारे मिला। परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## निःशुल्क रोगी परीक्षण शिविर

**नालासोपारा:** वसई-विरार शहर महानगर पालिका प्रभाग समिति 'एफ' अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सर्वेश्वरी समूह की मुंबई शाखा नालासोपारा (पूर्व) में निःशुल्क रोगी परीक्षण और औषधि वितरण शिविर का आयोजन २० जनवरी को कर रही है। शिविर पुरुषोत्तम विद्यालय, धानिव बाग, नालासोपारा में आयोजित होगा। इस दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ, जनरल फीजिशन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, बालरोग विशेषज्ञ, होम्योपैथिक विशेषज्ञ व फिजियोथेरेपिस्ट जांच करेंगे।

## मंगलवार को ग्राहक समारोह का आयोजन

**मुंबई:** प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्यमंदिर सभागृह २२ जनवरी को राष्ट्रीय ग्राहक दिन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभार्थियों के लिए किए गए बदलाव, खाद्य मिलावट रोकने के लिए उठाए गए कदम व इससे अंतर्गत चलाई जा रही विविध योजनाओं जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। हर साल २४ दिसंबर राष्ट्रीय ग्राहक दिन के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्?घाटन राशन वितरण (शिधावाटप) नियंत्रक एवं नागरी आपूर्ति संचालक दिलीप शिंदे करेंगे। आयोजन में ग्राहक संरक्षण परिषद के धनंजय गायकवाड, खाद्य एवं औषध प्रशासन आयुक्त पल्लवी दराडे मार्गदर्शन करेंगे।

## चांदिवली में मिनी फायर स्टेशन शुरू

**मुंबई:** कुर्ला चांदिवली लेक होम नाहर कॉम्प्लेक्स के करीब बने मिनी फायर स्टेशन का शनिवार को स्थानीय कांग्रेस विधायक नसीम खान ने किया उद्घाटन किया। फायर स्टेशन बनाए जाने के बाद लोगों में आस बढ़ी है कि अब वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे। पिछले कुछ सालों से पवई, संघर्ष नगर, म्हाडा, हीरानंदानी, साकीनाका असल्फा जैसे आसपास के क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार हुई हैं। गौरतलब है कि २८ फरवरी २०१६ को कुर्ला चांदिवली की २२ मंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई थी, जिसमें आठ लोग मारे गए थे और ३० से ज्यादा लोग झुलस गए थे।

## 60 हजार रुपये के लिए कर दी हत्या, शव के 400 टुकड़े कर टॉइलट में किया फ्लश

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की ग्लोबल सिटी इलाके में हत्या का सनसनीखेज खुलासा अर्नाला पुलिस ने किया है। सांताक्रुज के रहने वाले ४० वर्षीय व्यक्ति ने मीरा रोड निवासी अपने परिचित की सिर्फ ६० हजार रुपये के लिए हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी ने शव के करीब चार सौ टुकड़े कर टॉइलट में फ्लश कर दिए। इसके अलावा, सिर और हड्डियों को थैली में भरकर भाईंदर की खाड़ी में फेंक दिया। खुलासा तब हुआ, जब सोमवार को वछराज पैराडाइज सोसायटी के चैंबर से तेज दुर्गंध आने लगी। सोसायटी के पदाधिकारियों चैंबर की सफाई के लिए २ मजदूर बुलाए, तो वहां मांस के टुकड़े फंसे मिले। मजदूरों ने उन्हें पास के नाले में फेंक दिया, लेकिन इतनी मात्रा में मांस मिलने से लोगों को शक हुआ और सोसायटी में रहने वालों ने पुलिस स्टेशन को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की उंगलियां मिलीं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करने के १० घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।




**ऐसे चला हत्यारे का पता**

पुलिस को पता चला कि फ्लैट नंबर ६०२ में पिंटू किशन शर्मा (४०) रहता है, जिसने हाल में इसे किराए पर लिया है। पुलिस ने उसे देर रात ३ बजे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि सालभर पहले उसकी पहचान मीरा रोड के सेक्टर-९ निवासी गणेश विट्ठल कोलटकर (५८) से हुई थी। कोलटकर की प्रिंटिंग प्रेस है। उसने शर्मा से १ लाख रुपये कर्ज लिया था। उसने ४० हजार रुपये चुका दिए, लेकिन ६० हजार रुपये के लिए आनाकानी करने लगा।

**किराये पर लिय था फ्लैट**

इसके बाद उसने शर्मा की हत्या की योजना बनाई और यहां फ्लैट किराए पर लिया। १६ जनवरी को उसने कोलटकर को विरार बुलाया। दोनों में झगड़ा और मारपीट हो गई। कोलटकर जमीन पर गिर और चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि २० जनवरी को कोलटकर की बहन ने मीरा रोड के नयानगर पुलिस स्टेशन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

## मराठा आरक्षण के खिलाफ अंतिम सुनवाई ६ फरवरी से शुरू

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में १६ प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर छह फरवरी से अंतिम सुनवाई शुरू होगी। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार तब तक नए कानून के तहत अपने किसी भी विभाग में कोई भी नियुक्ति नहीं करेगी। १९ दिसंबर को हुई सुनवाई में सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वह २३ जनवरी तक कोई नियुक्ति इस व्यवस्था के तहत नहीं करेगी। न्यायमूर्ति रंजीत मोरे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने कहा कि वह २८ जनवरी को फैसला करेगी कि मराठा आरक्षण पर पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट की पूरी कॉपी या संक्षिप्त अंश याचिकाकर्ताओं को देना चाहिए या नहीं। सरकारी वकील वी.ए. थोराट और राज्य के महाधिवक्ता आशुतोष कुंभकोनी ने याचिकाकर्ताओं को समूची रिपोर्ट देने को लेकर शंका प्रकट की थी। कुंभकोनी ने कहा कि 'हम ४००० पन्नों वाली समूची रिपोर्ट अदालत को सौंपने के लिए तैयार हैं। हालांकि, इस रिपोर्ट में २० पन्ने मराठा समुदाय के इतिहास के बारे में है, जिसे हम सार्वजनिक नहीं करना चाहते। हमें डर है कि इससे सांप्रदायिक तनाव फैलेगा और कानून व्यवस्था की दिक्कतें होंगी।' गौरतलब है कि




पीठ ने राज्य सरकार को बुधवार को समूची रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाओं में कहा गया है कि सरकारी विभागों में अनेक पद खाली पड़े हैं और इन्हें तुरंत भरना चाहिए। गौरतलब है कि आरक्षण व्यवस्था को लेकर अनेक याचिकाएं कोर्ट में लंबित हैं। इस याचिकाओं में मराठा समुदाय को १६ प्रतिशत आरक्षण देने के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई हैं जो शैक्षिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों के लिए हैं। इस संबंध में महाराष्ट्र विधान परिषद में ३० नवंबर, २०१८ को इस आशय का एक विधेयक पारित किया गया था। सरकार ने पिछले ही सप्ताह इन याचिकाओं पर हो रही सुनवाई के दौरान सरकार ने कहा था कि इस आरक्षण का उद्देश्य समाज में व्याप्त सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करना है।

## सरकार ने किया युवाओं को अपसेट, वेटर बनने को मजबूर ग्रेजुएट

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** देश के नौजवानों को नौकरी मुहैया कराने के मामले में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार बुरी तरह से फेल रही है। कहां तो दावा किया गया था कि २ करोड़ युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी। नौकरियां तो मिली नहीं और बेरोजगारी बढ़ती गई। इस बेरोजगारी ने युवाओं को अपसेट कर दिया है। हालत इतने खराब हो चुके हैं कि चौथी पास के लिए जो नौकरी है वहां ग्रेजुएट्स लाइन लगा रहे हैं। वे वेटर बनने को मजबूर हैं। हाल ही में मंत्रालय ने वेटर के १३ पदों पर भर्ती निकाली थी। ये भर्ती चौथी पास उम्मीदवारों के लिए निकाली गई थी, जिसमें ७००० से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इन पदों पर आवेदन करनेवाले ज्यादातर



उम्मीदवार चौथी पास नहीं बल्कि ग्रेजुएट हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने कॉलेज और यूनिवर्सिटीज से ग्रेजुएशन की है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि हाल ही में वेटर के पदों के लिए १०० अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इन पदों पर आवेदन करने की आवश्यक शैक्षणिक योग्यता कक्षा ४ पास थी। ये परीक्षा ३१ दिसंबर को पूरी हो गई और अभी इसमें शामिल होने की प्रक्रिया जारी है। चुने गए १३ उम्मीदवारों में से ८ पुरुष और बाकी महिलाएं हैं। वहीं दो-तीन लोगों ने अभी तक अपने डॉक्यूमेंट्स जमा नहीं कराएं हैं। इसलिए आधिकारिक रूप से भर्ती की प्रकिया उनके लिए शुरू नहीं की गई है। चुने गए १३ उम्मीदवारों में से १२ उम्मीदवारों ने ग्रेजुएट की है और १ उम्मीदवार ने १२वीं पास की है। चुने गए उम्मीदवारों की उम्र २५ से २७ साल के बीच है। वहीं मंत्रालय कैंटीन में वेटर के रूप में ग्रेजुएट उम्मीदवारों की भर्ती करने पर राज्य सरकार की निंदा करते हुए विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे ने कहा कि मंत्रियों और सचिवों को शिक्षित व्यक्तियों की सेवाएं बतौर वेटर लेने में शर्म आनी चाहिए। राकांपा नेता ने कहा, 'केवल १३ पदों के लिए ७००० आवेदक देश और महाराष्ट्र में रोजगार की स्थिति का एक स्पष्ट उदाहरण हैं।' धनंजय मुंडे ने बताया, साल २०१८ में एक करोड़ लोगों ने अपनी नौकरी खो दी, जिसमें से ६५ लाख महिलाएं थीं, जिसमें मेक इन इंडिया, मेक इन महाराष्ट्र, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम फेल हो गए थे। मुंडे यहीं नहीं रुके, उन्होंने मोदी सरकार की नोटबंदी और जीएसटी पर तंज कसते हुए कहा कि नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसलों ने छोटे और मीडियम उद्योगों को खत्म कर दिया था, जिसके कारण बेरोजगारी में वृद्धि हुई है।

## नगर विकास सचिव का आश्वासन, आठ दिन में जारी होगा डीसी रूल्स

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**उल्हासनगर :** उल्हासनगर मनपा की शहर विकास नियंत्रण नियमावली (डीसी रूल्स) को आगामी आठ दिन के अंदर जारी कर दिया जाएगा। यह आश्वासन नगर विकास विभाग के सचिव नितीन करीर ने दी। उल्हासनगर की महापौर पंचम कालानी के नेतृत्व में भाजपा नेता प्रकाश माखिजा, सभागृह नेता जमनु पुरस्वामी, नगरसेवक राजेश पदरिया आदि स्थानीय नेताओं का एक शिष्टमंडल गत दिवस मंत्रालय में नगर विकास सचिव नितीन करीर से मुलाकात कर शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। शहर विकास नियंत्रण नियमावली को जारी करने, २००५ के कानून के अनुसार अवैध इमारतों को वैध करने के लिए अलग से अधिकारी नियुक्त करने, शहर के विकास के लिए तत्काल नगर रचनाकार का रिक्त पद भरने और शहाड पंपिंग स्टेशन को मनपा को सौंपने आदि मुख्य मांगें की थीं। सचिव करीर ने महापौर को आश्वासन दिया कि डीसी रूल्स को आठ दिन के अंदर जारी कर दिया जाएगा और नगर रचनाकार की नियुक्ति तथा अवैध निर्माण को वैध करने के लिए अलग से अधिकारी नियुक्त करने के बारे में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाएगा।

## एक रोड ब्लॉक, खतरे में 2000 परिवार

**मुंबई :** मुंबई के रिहायशी इमारतों में आग लगने की निरंतर घटनाएं घट रही हैं। इस हादसे में सोसायटी के लोग अपनी जान भी गवां रहे हैं। इन हादसों से भी मनपा प्रशासन सीख नहीं ले रहा है। इसका ताजा उदाहरण साकीनाका की एक हाउसिंग सोसायटी में देखने को मिल रहा है। यहां महज एक रोड ब्लॉक ने पूरे सोसायटी को हादसे के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। हालांकि इसकी शिकायत मनपा के अतिक्रमण विभाग से की गई है लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बता दें कि घाटकोपर-अंधेरी लिंक रोड पर न्यू अनासागर हाउसिंग सोसायटी है। इस सोसायटी के मातहत चार इमारतों की को. ऑपरेटिव सोसायटी आती हैं। अकील, अतील, खैरुन और अकबर मेंशन इन इमारतों के तीन विंग में दो हजार परिवार रहते हैं। इन इमारतों के निवासियों के लिए प्रवेश और निकासी के लिए एक ही मार्ग है जो घाटकोपर-अंधेरी लिंक रोड से सटा है।






मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com